ब्रैम्पटन के निवासियों को म्युनिसिपल डिवेल्पमेंट कार्पोरेशन के बारे में सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (9 नवंबर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, म्युनिसिपल डिवेल्पमेंट कार्पोरेशन (एम.डी.सी.) (Municipal Development Corporation (MDC) बनाने पर विचार कर रही है। निवासियों को इस प्रस्ताव के बारे में, 25 नवंबर, 2020 तक, www.bramptonmdc.ca अपने सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में एम.डी.सी. (MDC), कार्यनीति वाले प्रोजेक्टों के लिए एक परिभाषित अध्यादेश के साथ रियल एस्टेट कार्पोरेशन के तौर पर काम करेगी, जो कार्यनीति से ज़मीन और संपत्तियों को ग्रहण करने, जोड़ने, विकसित करने और बेचने का कार्य करता है। ब्रैम्पटन की एम.डी.सी., पूरी तरह से सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के स्वामित्व वाली कार्पोरेशन होगी और एम.डी.सी. द्वारा होने वाली पूरा राजस्व, लाभांशों के रूप में वापिस सिटी को आवंटित कर दी जाएगी।

एम.डी.सी. को बनाने के मूल कारणों में शामिल हैं:

- म्युनिसिपल के उद्देश्यों के व्यापक सेट को हासिल करने के लिए अवसर (जैसे विशेष आर्थिक क्षेत्रों को उत्साह देने के लिए मुख्य नियोक्ताओं को ज़मीन पेश करने योग्य होना);
- कानूनी मंज़ूरी संबंधी जिम्मेदारियों को अलग करना;
- एग्रीमेंट्स को कार्यान्वित करने की क्षमता;
- लागत-प्रभावी और मुनाफे वाली; और
- यह विशेषज्ञता को आकर्षित करने की क्षमता की हिमायत करती है।

ब्रैम्पटन की एम.डी.सी. की रचना, विजन में पहचाने गए छह प्रोजेक्ट क्षेत्रों: अपटाउन ब्रैम्पटन (Uptown Brampton); डाउनटाउन ब्रैम्पटन (Downtown Brampton); ब्रैमली (Bramalea); क्वीन स्ट्रीट कॉरिडोर (Queen Street Corridor); फाइव टाउन सेंटर्स (Five Town Centres); और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (Industrial Corridor) के अंदर, रियल एस्टेट और संपत्तियों को नियंत्रित व प्रबंधित करके, ब्रैम्पटन विजन 2040 (Brampton Vision 2040) के अनुकूल है।

म्युनिसिपल डिवेल्पमेंट कार्पोरेशन की स्थापना से पहले, जनता से मश्विरा करने सहित, आवश्यक तौर पर विशेष कानूनी शर्तों का पालन किया जाएगा। सिटी, संपूर्ण, पारदर्शी और सहयोगपूर्ण प्रक्रिया में जनता को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-30-

मीडिया संपर्क
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca